शरण तेरी आऊँ माँ

शरण तेरी आऊँ माँ,
हाँ बलि बलि जाऊँ माँ,
भजन तेरे गाउँ....माँ,
मगन हो जाऊँ माँ,
शरण तेरी आऊ माँ,
हाँ बलि बलि जाऊँ माँ......

ऊँचे भवन पर बैठी,
अम्बके भवानी माँ,
जिनके दर्श की है ये,
दुनिया दीवानी माँ,
दर्श तेरे पाऊँ माँ,
हाँ बलि बलि जाऊँ माँ,
भजन तेरे गाउँ माँ,
मगन हो जाऊँ माँ......

भीड़ लगी रहती है,
माँ तुम्हारे द्वारे,
आते जाते गूंजते हैं,
तेरे माँ जयकारे,
जयकारा लगाऊं माँ,
हाँ बलि बलि जाऊँ माँ,
भजन तेरे गाउँ माँ,
मगन हो जाऊँ माँ.....

लाल पट्टी बांधे सर पे,
आ रही है टोलियां,
ला रहे मुरादों वाली,
भर भर के झोलियाँ,
ये अर्जी सुनाऊँ माँ,
हाँ बलि बलि जाऊँ माँ,
भजन तेरे गाउँ माँ,
मगन हो जाऊँ माँ......

बेनाम जग ये रूठे,
माँ कभी ना रूठे,
आदि शक्ति जग जननी का,
दर कभी ना छूटे,
यही रम जाऊँ माँ,
हाँ बलि बलि जाऊँ माँ,
भजन तेरे गाउँ माँ,
मगन हो जाऊँ माँ,

शरण तेरी आऊँ माँ,
हाँ बलि बलि जाऊँ माँ,
भजन तेरे गाउँ माँ,
मगन हो जाऊँ माँ.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23947/title/sharan-teri-aau-main

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |